द्वारा फैक्स/ई–मेल

# पुलिस तकनीकी सेवायें मुख्यालय उत्तर प्रदेश।

चतुर्थ तल, जवाहर भवन, लखनऊ ।

पत्रॉक:टीएससी–39(  )/2005(सात) दिनांक: मार्च ,2014

सेवा में,

समस्त वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक,
जनपदीय, उ0प्र0।

विषय: लोकसभा चुनाव– 2014 के दृष्टिगत् ''वेब इनैबिल्ड नामिनल रोल सिस्टम साफ्टवेयर'' में अराजपत्रित अधिकारियों/कर्मचारियों की वर्तमान नियुक्ति स्थान (थाना स्तर) का विवरण अद्यावधिक करने के सम्बन्ध में।

कृपया लोकसभा चुनाव– 2014 हेतु चुनाव आयोग को थाना स्तर पर नियुक्त कर्मियों के विवरण की आवश्यकता है। इसलिये ''वेब इनैबिल्ड नामिनल रोल सिस्टम साफ्टवेयर'' में अराजपत्रित अधिकारियों/कर्मचारियों की वर्तमान नियुक्ति स्थान (थाना स्तर) का विवरण अद्यावधिक करने की सुविधा उपलब्ध करा दी गयी है।

इसके लिए वेब इनेबिल्ड नामिनल रोल सिस्टम साफ्टवेयर में **प्रधान लिपिक के** admin स्तर के user ID से login होने के उपरान्त् होम पेज पर प्रदर्शित **'कर्मचारी की वर्तमान नियुक्ति का विवरण'** बटन पर क्लिक करने पर प्रदर्शित विन्डो में जिस कैडर (Inspector/Sub-Inspector/Head Constable/Constable) का डाटा अद्यावधिक करना है को select करने के उपरान्त् search बटन पर क्लिक करने पर आपके जनपद में नियुक्त उस कैडर के सभी कर्मियों की सूची PNO के अनुसार (Ascending Order) प्रदर्शित हो जायेगी। यह सूची निम्नवत् प्रदर्शित होगी।

| SL No. | PERSONAL NUMBER | EMPLOYEE NAME | RANK | DESIGNATION | PLACE OF POSTING | DATE OF JOINING | IS COMPLETE ? |
|---|---|---|---|---|---|---|---|

उपरोक्त सूची में

- SL No., PERSONAL NUMBER, EMPLOYEE NAME व RANK स्वतः प्रदर्शित होंगे।
- Designation वाले combo box में वर्तमान पद को select करेंगे।
- Place of Posting वाले combo box में वर्तमान नियुक्ति (थाना) को select करेंगे।
- Date of Joining वाले Text box में वर्तमान नियुक्ति स्थान पर नियुक्ति की तिथि भरेंगे।
- उपरोक्त प्रविष्टियां पूर्ण होने के उपरान्त् Is Complete वाले Check box में tick कर submit बटन पर क्लिक करने पर डाटा save हो जायेगा।

अतः आप अपने जनपद में नियुक्त प्रत्येक कर्मी का वर्तमान नियुक्ति स्थान (थाना स्तर) विवरण दिनांक: 23/03/2014 तक अद्यावधिक किया जाना सुनिश्चत करें। उक्त चारों कैडर में **नागरिक पुलिस कर्मियों का डाटा प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण** कराने का कष्ट करें जिससे चुनाव आयोग को समय पर reports उपलब्ध करायी जा सके। ये reports उ0प्र0 पुलिस की वेबसाइट uppolice.gov.in के होम पेज पर उपलब्ध 'Know Your Police Station' पर जनपद व थाना select करने के उपरान्त् staff बटन पर देखी जा सकती है।

21/3/14

(संदीप सालुंके)
पुलिस महानिरीक्षक,
तकनीकी सेवाएं, उत्तर प्रदेश।

प्रतिलिपि:–अपर पुलिस महानिदेशक, कार्मिक, उ0प्र0, लखनऊ को इस आशय से प्रेषित कि इस सम्बन्ध में अपने स्तर से भी सर्वसम्बन्धित को निर्देशित करने का कष्ट करे।